आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरूवार 26.09.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- युवाओं को रोजगार देने में उत्तराखण्ड का बेहतरीन प्रदर्शन। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में राज्य के सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर घटकर चार दशमलव तीन प्रतिशत पहुंची।
- भोजन गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों का पालन करने के लिए उत्तराखण्ड सचिवालय और जिला कारागार परिसर, सुद्धोवाला को ईट राईट कैम्पस घोषित किया गया।
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने **समूह ग** के 196 पदों पर विज्ञप्ति जारी की।
- **और......** अल्मोड़ा जिले के टाटिक हेलीपैड पर जल्द ही हेली सेवा पुनः संचालित की जांएगी।

**<u>रोजगार</u>**

उत्तराखंड रोजगार देने में नए कीर्तिमान बना रहा है। राज्य में पिछले एक वर्ष में रोजगार के अवसर बढ़ने से बेरोजगारी घटी है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट में उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत को पछाड़ दिया है। सभी आयु वर्गो में बेरोजगारी दर 4 दशमलव पांच प्रतिशत फीसदी से घटकर 4 दशमलव तीन प्रतिशत पर आ गई है। जबकि पन्द्रह

से उनतीस वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर चौदह दशमलव दो से घटकर नौ दशमलव आठ प्रतिशत पर आ गई है।

राज्य में वर्ष 2022–23 की तुलना में 2023–24 में सभी आयु वर्गों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात सताईस दशमलव पांच प्रतिशत से बढ़कर 44 दशमलव दो प्रतिशत हो गया है।

श्रम बल में भी वर्ष 2022–23 के मुकाबले में वर्ष 2023–24 में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15–29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रम बल भागीदारी दर 43 दशमलव सात प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आने वाले वर्षों में निवेश के अधिकांश करारों के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तराखंड युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें दूसरों को भी रोजगार देने वाला बनाएगा।

## ईट राईट कैम्पस

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने उत्तराखण्ड सचिवालय और जिला कारागार परिसर, सुद्धोवाला को ईट राईट कैम्पस घोषित किया है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड सचिवालय, ईट राईट कैम्पस के रूप में प्रमाणीकृत देश के चुनिन्दा सचिवालय परिसरों में शामिल हो गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव, सचिवालय प्रशासन और महानिरीक्षक जेल को भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र सौंपते हुए इस पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण, सराहनीय और कारगर बताया है।

सुरक्षित स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर भोजन उपलब्ध कराने और स्वच्छता के मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ईट राईट कैम्पस का प्रमाण पत्र दिया गया है।

गौरतलब है कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी कार्य स्थल, जहां पर कार्य करने वाले अधिकांश लोग, कम से कम एक बार का जलपान अथवा भोजन नियमित रूप से ग्रहण करते हैं, उनके लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए ईट राईट कैम्पस पहल शुरू की गई है।

**बैठक**

राज्य के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल की संचार सेवाएं मजबूत की जाएंगी। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविदं सिंह ह्यांकी ने आज सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक कर उन्हें जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के कॉल सेंटर की सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हों, इसके लिए बीएसएनएल, कॉल सेंटर और तकनीकी विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए काम करेंगें। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सेवाएं मजबूत नहीं हैं, इसलिए सूदूर क्षेत्रों में

भी संचार सेवा को मजबूत करने की दिशा में काम करने की सख्त जरूरत है।

## प्रयास

टिहरी को मेडिकल और पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार तेजी से प्रयास कर रही हैं। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही जिले में मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज टिहरी की स्थापना से पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय और नर्सिंग कालेज को अपग्रेड करने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त, हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज में जल्दी ही पीजी की कक्षाएं शुरू की जाएंगी और इसे आईआईटी के हिल कैंपस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## विज्ञप्ति जारी

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों में **समूह ग** के 196 पदों पर विज्ञप्ति जारी की गई है। 28 सितंबर से ऑनलाईन आवेदन शुरू होगे और आवेदन की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की बेवसाइट www.sssc.uk.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## हेली सेवांए

अल्मोड़ा जिले के टाटिक हेलीपैड पर जल्द ही हेली सेवा पुनः संचालित की जांएगी। यह बात आज जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने टाटिक हेलीपैड के निरीक्षण के दौरान कही। जिलाधिकारी ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 3 अक्तूबर को टाटिक हेलीपैड का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है और इस दिन हेली यात्रा का भी शुभारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि लैंडिंग ग्राउंड में जो भी कमियां हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए। श्री पांडे ने कहा कि अल्मोड़ा के लिए हेली सेवा संचालित होने से पर्यटन उद्योग को मजबूती मिलेगी और कम समय में देहरादून पहुंचा जा सकेगा।

## मौसम

**और एक नज़र अब मौसम पर ........** राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का क्रम कल भी जारी रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अगले दो–तीन दिनों तक बारिश जारी रहने का अनुमान है।

इस बीच, बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नन्दप्रयाग के पास अभी भी आवाजाही के लिए बंद है। इस मार्ग को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्वच्छता ही सेवा

बागेश्वर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत **स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता** विषय पर आधारित सफाई अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वच्छता को जीवन का जरुरी हिस्सा बताते हुए सभी लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाडा के तहत कार्यालयों और चिकित्सालयों में भी बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

## स्वचछता

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत नगर निगम देहरादून में 34 ब्लैक स्पॉट को चिह्नित किया गया है। इस पखवाड़े के दौरान इन स्थानों पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन स्थानों पर कोई कूड़ा ना डालें, इसके लिए फूल, पौधे और गमले लगाए गए हैं। साथ ही इनकी निगरानी के लिए ए पर्यावरण मित्र को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा नगर निगम देहरादून में अभी तक 26 जागरूकता कार्यक्रम हो चुके हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, छोटी रैली, जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर जनता के साथ संवाद, जागरूकता के जिंगल–बैनर के साथ सघन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।